भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3899
दिनांक 25 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओमिक्रोन वैरिएंट के मामले

3899. श्री हाजी फजलुर रहमान:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार देश में ओमिक्रोन/कोविड-19 के कितने सक्रिय मामले हैं; और

(ख) 1 जनवरी, 2022 से कितने लोग उक्त बीमारी से संक्रमित होने के बाद स्वस्थ हुए हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): दिनांक 21 मार्च, 2022 तक की स्थिति के अनुसार, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा देश भर में कुल 25,106 सक्रिय मामलों की सूचना दी गई है।

(ख): 01 जनवरी, 2022 से 21 मार्च, 2022 तक राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार देश में कुल 82,01,411 मामले ठीक/ डिस्चार्ज हुए हैं।

*****